राजस्थान लोक सेवा आयोग

प्रेस–नोट

दिनांकः 08.03.2021

आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 11/भर्ती/उप समादेष्टा/EP-I/2019–20 दिनांक 21.01.2020 के अन्तर्गत उप समादेष्टा (Dy. Commandant), गृह रक्षा विभाग की भर्ती हेतु कुल 13 पद विज्ञापित किये गये थे। उक्त पदों की भर्ती के अन्तर्गत आयोग के आदेशानुसार दिनांक 01.12.2020 को जारी संवीक्षा परिणाम में सफल कुल 40 अभ्यर्थियों में से विज्ञापन के अनुसार समुचित पात्र अभ्यर्थी नहीं मिलने के कारण आयोग के आदेशानुसार दिनांक 23.08.2020 को आयोजित संवीक्षा परीक्षा में उपस्थित कुल 566 अभ्यर्थियों में से 526 (566-40=526) अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन पत्र भरकर मय दस्तावेजों के आयोग कार्यालय में जमा करवाने हेतु पूर्व में 02 बार सूचित किया जा चुका है।

इसके क्रम में उक्त पदों हेतु दिनांक 23.08.2020 को आयोजित संवीक्षा परीक्षा में उपस्थित रहे वे समस्त अभ्यर्थी, जिन्होनें अभी तक विस्तृत आवेदन पत्र भरकर आयोग कार्यालय को प्रेषित नहीं किया है, उन्हें अंतिम रूप से यह सूचित किया जाता है कि आप विस्तृत आवेदन पत्र भरकर मय EX-Serviceman के दस्तावेजों के 05 दिवस के भीतर आवश्यक रूप से आयोग कार्यालय को प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त पदों हेतु उनकी अभ्यर्थिता बिना किसी अन्य सूचना के पात्रता जांच के अभाव में रद्द कर दी जावेगी।

(शुभव चौधरी)
सचिव